दिनांक–19.09.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति आज उज्जैन और इंदौर में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल, सफाई मित्रों को करेंगी सम्मनित।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक राष्ट्र एक चुनाव को मंजूरी लोकतंत्र को और भी जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- प्रदेश में एनसीसी गतिविधियों का होगा विस्तार, कैडेट की संख्या और प्रोत्साहन राशि भी बढ़ेगी।
- भारत और बंगलादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच आज चेन्नई के एम.ए चिदम्बरम स्टेडियम में होगा शुरू।

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू अपने प्रदेश दौरे के दूसरे दिन आज उज्जैन पहुंचेंगी। राष्ट्रपति यहाँ सफाई मित्रों से बातचीत करेंगी और उज्जैन में आयोजित सफाई मित्र सम्मेलन में भी शामिल होंगी। उन्होंने कल इंदौर में मृगनयनी एम्पोरियम में प्रदेश के जाने माने बुनकरों से बातचीत की थी।

पीएम–एक राष्ट्र एक चुनाव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकार करना भारतीय लोकतंत्र को और भी जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस प्रयास का नेतृत्व करने और विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की सराहना की। गौरतलब है कि सरकार ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को कल स्वीकार कर लिया है। इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे, जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकाय चुनाव आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे।

एनपीएस वात्सल्य

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में कल एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत की। केंद्रीय बजट में इसकी घोषणा की गई थी। सुश्री सीतारामन ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य योजना में बच्चों के लिए बचत करने पर उच्च रिटर्न का लाभ मिलेगा। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकारी क्षेत्र के लिए एनपीएस ने शुरूआत से ही औसतन नौ दशमलव पांच प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से रिटर्न दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि माता–पिता और अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों के लिए एनपीएस वात्सल्य में निवेश करने पर विचार करना चाहिए। एनपीएस वात्सल्य योजना माता–पिता को बच्चे के नाम पर प्रति वर्ष न्यूनतम एक हजार रुपये का निवेश करने की सुविधा प्रदान करती है।

कोलकाता इन्वेस्टर्स समिट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कोलकाता में कल आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हिस्सा लेंगे और राज्य निवेश संभावनाओं से निवेशकों को अवगत करायेंगे। पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश में औद्योगिक समानताएं है। कोलकाता एक प्रमुख व्यापारिक और वाणिज्यिक केंद्र है। मध्य प्रदेश भी अपने खनिज संसाधनों और कृषि उत्पादन के लिए जाना जाता है।

मध्यप्रदेश के उत्पाद जैसे सोयाबीन, गेहूं और अन्य कृषि उत्पाद की पश्चिम बंगाल में मांग हैं, जबकि पश्चिम बंगाल के जूट, चाय और मछली उत्पाद मध्य प्रदेश में भी लोकप्रिय हैं।

## नशामुक्त भारत अभियान

नशे की लत के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश के सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत वॉलंटियर्स के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है। सामाजिक न्याय और दिव्यांगजन कल्याण आयुक्त डॉ. आर.आर. भोंसले ने बताया कि इस अभियान के तहत, चयनित जिलों से मास्टर ट्रेनर्स के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। ये मास्टर ट्रेनर्स विभिन्न जिलों में वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित करेंगे, जिनका लक्ष्य 10 हजार वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित करना है। जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा।

## एनसीसी विस्तार

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में एनसीसी गतिविधियों का विस्तार किया जायेगा। भोपाल में मंत्रालय में हुई एनसीसी राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक को कल संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एनसीसी संगठन को प्रशासनिक और वित्तीय रूप से हरसंभव मदद दी जायेगी। बैठक में मेजर जनरल अजय महाजन ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 77 हजार केडिटस् हैं। आने वाले 3 वर्षों में 20 हजार 320 केडिटस् की क्षमता और बढ़ाई जायेगी। गौरतलब है कि भोपाल में एनसीसी अकादमी के लिये ग्राम समसगढ़ में 20 एकड़ भूमि और जबलपुर में ग्राम उमरिया में 40 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। बैठक में बताया गया कि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट की प्रोत्साहन राशि 12 लाख 34 हजार रूपये से बढ़ाकर 25 लाख रूपये की जायेगी।

## प्रधानमंत्री–वर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल महाराष्ट्र के वर्धा जायेंगे। श्री मोदी वर्धा में राष्ट्रीय 'पीएम विश्वकर्मा' कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत प्रगति के एक वर्ष का प्रतीक है। कार्यक्रम में श्री मोदी पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और ऋण जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। श्री मोदी महाराष्ट्र के अमरावती में पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान–पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखेंगे।

## भारत बंगलादेश क्रिकेट श्रृंखला

भारत और बंगलादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच आज चेन्नई के एम.ए चिदम्बरम स्टेडियम में शुरू होगा। गौतम गंभीर के भारतीय टीम का कोच बनने के बाद भारत के लिए यह पहली टेस्ट श्रृंखला है। बंगलादेश ने हाल ही में अपनी भूमि पर पाकिस्तान से टेस्ट श्रृंखला दो–शून्य से जीत कर इतिहास रचा था। इसे देखते हुए उसके हौसले बुलंद हैं। इधर, भारतीय टीम भी, पिछले दिनों अपनी धरती पर इंग्लैंड से चार–एक से टेस्ट श्रृंखला जीतकर उत्साह बनाए हुए है।

## विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप

स्पेन के लियोन में आज से आरंभ होने वाली IWF जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नौ भारतीय भारोत्तोलक मुकाबला करेंगे। भारतीय टीम में तीन पुरुष और छह महिला भारोत्तोलक शामिल हैं। अमरीका, कोलंबिया और मेजबान देश स्पेन के 20 एथलीट प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं जिनमें कई युवा और जूनियर विश्व चैंपियन शामिल हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मप्र शासन हाथकरघा विभाग चंदेरी साड़ी बुनाई सीखने वाले प्रशिक्षणार्थी को साड़ी बुनाई का 3 माह का प्रशिक्षण देगा। यह प्रशिक्षण हाथकरघा प्रशिक्षण केन्द्र चन्देरी में ही दिया जाएगा।
- मन्दसौर में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 107 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया।
- धार में शासकीय संगीत महाविद्यालय में महान संगीतज्ञ और आचार्य पण्डित विष्णु नारायण भातखण्डे की स्मृति में आज ''संगीत प्रसंग'' का आयोजन किया जा रहा है।
- मंडला में राज राजेश्वरी किला वार्ड में राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में मंत्री संपतिया उइके और सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते शामिल हुए।
- डिंडोरी जिले के बरगांव में 2 अक्टूबर को स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजन सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा , जिसमें डिंडौरी, मंडला और उमरिया जिला तथा जबलपुर जिले की कुंडेश्वरधाम तहसील के जनजातीय लोगों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की व्यवस्था की जाएगी।
- सागर में कलेक्टर संदीप जी आर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लापरवाह ठेकेदारों को तत्काल टर्मिनेट कर ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए।
- रतलाम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कल प्लॉग रन का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी एवं कर्मचारी व स्वयंसेवी संस्थाओं ने भाग लिया।
- शाजापुर के गांधी हाल में पोषण प्रदर्शनी के दौरान टेक होम राशन से बने व्यंजनों को विविध प्रकार से बनाने की विधि बताई गयी।
- आगरमालवा जिले में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन आज से 4 अक्टूबर तक होगा।
- खण्डवा में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जिला चिकित्सालय परिसर एवं जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में अधिकारी–कर्मचारियों ने साफ–सफाई की।
- छिन्दवाड़ा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाँद में साफ–सफाई की गई व सेल्फी पॉइंट में फोटो लेकर स्वच्छता का सन्देश दिया गया।
- शिवपुरी जिले में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कल न्यायालय के सामने स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।
- मुरैना में बीती रात से धीमी गति से निरंतर बारिश हो रही है। इससे कई इलाकों में पानी भर गया है और जनजीवन पर असर पड़ा है।

……………………………………